## Activities

- About RDC
- Notices
- Advisory Committee Members
- Meetings
- Activities
- Upcoming Events
- Galleries

# About RDC

**the Research & Development Cell (RDC) alongwith its Sub - Committees to function under Director (RDC) / Convenor are constituted :**

**Vision of RDC:**

To develop an ecosystem for the strengthening the research ecosystem in the college, aligned with the provisions of NEP-2020.

**Mission of RDC**

- ❖ To create a conducive environment for enhanced research productivity.
- ❖ To encourage collaboration across industry, government, community- based organizations, and agencies at the local, national, and international levels.
- ❖ To facilitate greater access to research through mobilization of resources and funding

**Structure of RDC committee**

**President :** Dr S P Sharma
**Director :** Dr. Ajeet K Rai
**Joint Director:** Dr. Anand Prakash

- ❖ **Finance and infrastructure**
  Dr. S K Rai
- ❖ **Research Program policy development**
  Dr. AN Tiwari

- **Collaboration and Community**
  Dr. Seema Patel
- **Product development, Monitoring and commercialization**
  Dr. Mahesh Prasad
- **IPR, Legal and ethical matters**
  Dr. Seema Singh

## Activities

**1.** शोध एवं विकास प्रकोष्ठ इकाई की स्थापना।

**2. AIR NEXT** कार्यक्रम ,आकाशवाणी सासाराम द्वारा।

**3.** सड़क सुरक्षा अभियान, दैनिक जागरण द्वारा।

**4.** आदिवासी दिवस पर विशेष व्याख्यान। वक्ता : डॉ अखिलेंद्र नाथ तिवारी और डॉ रविन्द्र कुमार।

**5.** अप्रवासी घाट और मॉरीशस में गिरमिटिया व्यवस्था। वक्ता : डॉ बबिता बहादुर, मॉरीशस।

**6.** शाहाबाद परिक्षेत्र से भारतीय प्रवासन और मॉरीशस में भोजपुरी लोक संस्कृति , प्रवासी दिवस के अवसर पर , वक्ता: घनश्याम शर्मा, मॉरीशस।

**7.** क्षमता निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम, राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा।

**8. Happiness workshop,** डॉ अन्नपूर्णा गुप्ता द्वारा।

**8.** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस |

9. 4 शोध परियोजना |

## Upcoming Events

प्रत्येक मास अन्य विभागों के सहयोग से महत्वपूर्ण दिवसों पर शोध एवं शैक्षणिक व्याख्यान का आयोजन किया जायेगा | अन्य शिक्षकों को सेमिनार और शोध गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा |

# Galleries


realme Shot on realme 9 5G


realme Shot on realme 9 5G
2023.01.11 12:04


realme Shot on realme 9 5G
2023.01.11 15:32


realme Shot on realme 9 5G
2023.01.11 12:12


Press



RESEARCH & DEVELOPMENT
SARDAR VALLABHBHAI PATEL COLLEGE
Bhabua, Kaimur (Bihar) 821101
GPS Map Camera
Bhabua, Bihar, India
Room No-11, SVP College, Bhabua, Bihar 821101, India
Lat 25.035247°
Long 83.600406°
28/02/24 02:03 PM GMT +05:30
Google


Shot on realme 9 5G


SCIEN
28 F
ORG
RESEARCH & DEVELOPMENT CE
ARDAR VALLABH
Bhabua, Kai


realme Shot on realme 9 5G
2023.01.11 12:05


realme
Shot on realme 9 5G


WEL-
AHUJA
PA LECTERN SYSTEM


ORGANISED BY
RESEARCH & DEVELOPMENT CELL AND DBT-STAR COLLEGE PROGRAM
SARDAR VALLABHBHAI PATEL COLLEGE
Bhabua, Kaimur (Bihar) 821101


प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
आकाशवाणी : सासाराम
#AIR NXT
A TALENT HUNT PROGRAMME FOR YOUTH
GPS Map Camera
SVP College Bhabua Kaimur
Lat 25.035315°
Long 83.603022°
25/05/22 11:44 AM
Google




AHUJA
PA LECTERN SYSTEM
realme Shot on realme 9 5G
2023.01.11 12:07


REDMI NOTE 8
AI QUAD CAMERA



# आकाशवाणी के कार्यक्रम में भाग लेंगे एसबीपी कॉलेज के दो स्टूडेंट्स

प्रतिनिधि, भभुआ नगर

- 16 जून को पूरे प्रदेश में कार्यक्रम का किया जायेगा प्रसारण
- चयनित छात्र-छात्राओं को मिलेगा नकद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र

**आगामी** 25 मई को आकाशवाणी सासाराम द्वारा आयोजित होनेवाली प्रतियोगिता की तैयारी को लेकर बुधवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल महाविद्यालय के रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल के अंतर्गत अमृत महोत्सव के अवसर पर अजीत कुमार राय की अध्यक्षता में बैठक हुई. बैठक में आकाशवाणी टीम से डॉ श्यामसुंदर तिवारी एवं कार्यक्रम अधिकारी अमित कुमार ने भाग लिया. बैठक के दौरान कहा गया कि आगामी 25 मई को एक प्रतियोगिता के माध्यम से दो छात्रों का चयन किया जायेगा. चयनित छात्र आकाशवाणी में एयर नेक्स्ट कार्यक्रम में भाग लेंगे. यह कार्यक्रम पूरे बिहार के विभिन्न आकाशवाणी केंद्रों से प्रसारित किये जायेंगे.

बैठक में भाग लेनेवाले आकाशवाणी के कार्यक्रम अधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रतियोगिता पांच चरणों में होगी. पहले चरण में स्टूडेंट्स से इंट्रोडक्शन होगा. इसके अंतर्गत सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को एक मिनट का समय दिया जायेगा. उस एक मिनट में प्रतिभागियों को अपने बारे में बताना होगा. दूसरे चरण में आजादी के अमृत महोत्सव के बारे में हर प्रतिभागी को दो मिनट मिलेगा. तीसरे चरण में सन 2047 में सपनों का भारत आप कैसा देखना चाहते हैं, इस पर विचार देना होगा. इसके लिए दो मिनट समय मिलेगा.

वहीं चौथे चरण में हर प्रतिभागी को अपने आदर्श के बारे में बताना होगा. इसके लिए दो मिनट का समय दिया जायेगा. अंतिम चरण में अपने जिले के बारे में अथवा किसी स्थानीय स्वतंत्रता सेनानी के बारे में जानकारी दो मिनट में देनी होगी.



बैठक के दौरान मौजूद आकाशवाणी के पदाधिकारी व पटेल कॉलेज के प्रोफेसर.

## प्रतिभागियों का चयन करेगी मूल्यांकन कमेटी

प्रतियोगिता में शामिल बच्चों का चयन करने के लिए मूल्यांकन कमेटी का गठन किया गया है. मूल्यांकन कमेटी में आकाशवाणी के दो अधिकारी रहेंगे और एक या दो अधिकारी महाविद्यालय से होंगे. उनका चयन महाविद्यालय के प्रिंसिपल द्वारा किया जायेगा. मूल्यांकन कमेटी द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों का चयन किया जायेगा. चयनित प्रतिभागियों को आकाशवाणी में आकर एआइआर नेक्स्ट प्रोग्राम होस्ट करने का मौका दिया जायेगा. प्रोग्राम का प्रसारण बिहार के सभी आकाशवाणी केंद्रों पर एक साथ करेंगे. प्रतिभागियों की आवाज उनके विचारों के साथ आकाशवाणी सासाराम के युवा वाणी कार्यक्रम में एडिट कर 16 जून को दो बजे प्रसारित किया जायेगा. साथ ही प्रतियोगिता के माध्यम से चयनित छात्रों को 500 रुपये, सर्टिफिकेट व स्मारक चिह्न आदि दिये जायेंगे. बैठक के दौरान डॉ सीमा पटेल, डॉ अखिलेंद्र तिवारी, डॉ अजीत कुमार राय, डॉ सीमा सिंह व देवराज प्रसाद गुप्ता समेत कई मौजूद थे.

दैनिक भास्कर

सासाराम / कैमूर भास्कर 29-02-2024

कार्यक्रम • एसवीपी कॉलेज में शोध एवं अनुसंधान प्रकोष्ठ और स्टार कॉलेज प्रोग्राम की संयुक्त संगोष्ठी

# विकसित भारत की स्वदेशी तकनीक पर चर्चा

सिटीरिपोर्टर| भभुआ

बुधवार को सरदार वल्लभभाई पटेल कॉलेज भभुआ में शोध एवं अनुसंधान प्रकोष्ठ और स्टार कॉलेज प्रोग्राम के संयुक्त आयोजन में विज्ञान दिवस पर एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। संगोष्ठी का विषय विकसित भारत का स्वदेशी तकनीकी रहा।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।प्रथम वक्ता के रूप में डॉ.अन्नपूर्णा गुप्ता ने स्वदेशी आंदोलन और भारत के वैज्ञानिक उपलब्धियों को बताया। मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से प्रत्येक दिन के वैज्ञानिक अनुभवों को साझा किया।दूसरे मुख्य वक्ता भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.अखिलेंद्र नाथ तिवारी ने बताया की पिछले कई सालों से अनवरत कोशिश के बाद इस साल सरदार वल्लभभाई पटेल कॉलेज में विज्ञान दिवस का आयोजन हो रहा है।इस बार कॉलेज को भारत सरकार के डीबीटी स्टार कॉलेज प्रोग्राम के लिए चयन किया गया है।इस प्रोग्राम के तहत कहा गया कि कॉलेज के विज्ञान विभागों में प्रयोगशाला के विकास विज्ञान के पढ़ाई की उत्तम व्यवस्था की जा रही है।




संगोष्ठी में मौजूद अतिथि।

## विज्ञान वर्ग से स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू होगा

रसायन विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ.जितेंद्र कुमार ने रमन थ्योरी के बारे में जानकारी दी।जीव विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ.आनंद प्रकाश ने जैविक रोगों के बारे में जानकारी दी और उसके स्वदेशी उपचार के बारे में बताया।कार्यक्रम में डीबीटी स्टार प्रोग्राम के तहत विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई।अपने अध्यक्षीय भाषण में प्राचार्य डॉ.शंकर प्रसाद शर्मा ने कालेज के विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।सभी प्रयोगशाला को सुसज्जित बनाने का वादा किया।

## भारतीय वैज्ञानिकों की उपलब्धियां बताईं

कार्यक्रम का संचालन डॉ.वंशीधर उपाध्याय ने किया।उन्होंने अपने उद्बोधन में भारतीय वैज्ञानिक उपलब्धियों को बताया।धन्यवाद ज्ञापन डॉ.सोमेश शशि ने किया।विकसित भारत के विकास में विज्ञान की भूमिका का उल्लेख किया।शोध एवं अनुसंधान प्रकोष्ठ के समन्यवक डॉ.अजीत कुमार राय ने बताया कि प्राचार्य के सहयोग से शोध एवं अनुसंधान प्रकोष्ठ के आयोजन में ऐसे ही कार्यक्रम होते रहेंगे। जिससे महाविद्यालय का अकादमिक माहौल उत्कृष्ट स्तर पर जाएगा।

# RESEARCH & DEVELOPMENT CELL

## SARDAR VALLABHBHAI PATEL COLLEGE

**Established on 28-04-2022 with letter No 149/22**

(A CONSTITUENT UNIT OF V.K.S.U., ARA)
Bhabua, Kaimur – 821101 BIHAR
Website: - www.svpcollegebhabua.org E-mail: - svpcollegebhabuamail@gmail.com
Phone No. 06189- 223265 FAX – 06189- 223265


Ocean of Knowledge

Ref. No. Date: 28/02/2024

**Vision of RDC:**

To develop an ecosystem for the strengthening the research ecosystem in the college, aligned with the provisions of NEP-2020.

**Mission of RDC**

- To create a conducive environment for enhanced research productivity.
- To encourage collaboration across industry, government, community- based organizations, and agencies at the local, national, and international levels.
- To facilitate greater access to research through mobilization of resources and funding

**Structure of RDC committee**

**President:** Dr SP Sharma
**Director:** Dr. Ajeet K Rai
**Joint Director:** Dr. Anand Prakash

- **Advisory Committee**
  Dr. Gopnath Singh
  Mr. Jagjeet Singh
  Mrs. Maya Sinha
- **Finance and infrastructure**
  Dr. SK Rai
- **Research Program policy development**
  Dr. AN Tiwari
- **Collaboration and Community**
  Dr. Seema Patel
- **Product development, Monitoring and commercialization**
  Dr. Mahesh Prasad
- **IPR, Legal and ethical matters**
  Dr. Seema Singh

# National Science Day

## 28 फरवरी 2024

### कार्यक्रम विवरण

दीप प्रज्ज्वलन : सभी अतिथिगण समय 1.00 PM

सम्मान समारोह : सभी अतिथिगण

अध्यक्षीय उद्बोधन : डॉ शंकर प्रसाद शर्मा , प्राचार्य

वक्ता : डॉ अन्नपूर्णा गुप्ता

वक्ता : डॉ अखिलेंद्र नाथ तिवारी

धन्यवाद ज्ञापन : डॉ सोमेश शशि

संचालन : डॉ वंशीधर उपाध्याय

आयोजनकर्ता :

डॉ अजीत कुमार राय, समन्वयक, शोध एवं अनुसंधान प्रकोष्ठ

डॉ आनंद प्रकाश, समन्वयक, स्टार कालेज प्रोग्राम

का सपना है।

गुप्ता, नेशनल महिला रेसलर

जीतने का हौसला है।

नीरज पासवान, नेशनल रेसलर

सकता है। अभावों के बीच भी वह हिम्मत नहीं हारी है।

ल्ली में रह रहे उनके भाई ो किसी कैंसर एक्सपर्ट आहार में ड्रैगन फ्रूट खाने । फिर क्या था, सुनील व न फ्रूट की खेती ही शुरू में लोगों ने मजाक उड़ाया, के किसान उनके इस ने के लिए उनके पास जा के क्षेत्र में राष्ट्रीय महिला नू गुप्ता व नेशनल रेसलर

नीरज की कहानी हर युवा के लिए प्रेरक है। गरीबी को हर मोर्चे पर पटकनी देकर आदर्श नुआंव के भगवान साह की बिटिया अन्नू गुप्ता स्टेट कुश्ती में 20 गोल्ड मेडल जीत चुकी है। इतनी ही बार राष्ट्रीय कुश्ती में हिस्सा ले चुकी है। खेलो इंडिया में भी इसका चयन हुआ था। अभी हरियाणा में प्रैक्टिस कर रही है। अन्नू बिहार महिला टीम की कोच भी रही है। उसने लगातार दो बार बिहार कुमारी का खिताब जीता है। शाहाबाद केसरी और कैमूर केसरी का खिताब भी झटक चुकी है। अन्नू शुरू में बिछियां व्यायामशाला में प्रैक्टिस करती थी लेकिन बाद में जिला प्रशासन ने लड़कियों को प्रैक्टिस करने पर प्रतिबंध लगा दिया। फिर वह निराश होकर बिहार से बाहर प्रैक्टिस करती है और अपने दमखम व दांवपेंच से बिहार का नाम रौशन कर रही है।



शहर के पटेल कॉलेज में बुधवार को आयोजित संगोष्ठी में भाग लेते लोग। • हिन्दुस्तान

# भारतीय लोक संस्कृति को मॉरीशस में मिल रहा बढ़ावा

**संस्कृति का प्रसार**

- पटेल कॉलेज में आयोजित संगोष्ठी में मॉरीशस के घनश्याम बोले
- भोजपुरी में प्रवासन के दुःख दर्द को गीत के माध्यम से किया प्रस्तुत

**भभुआ, कार्यालय संवाददाता।** सरदार वल्लभभाई पटेल कॉलेज में मॉरीशस से आए घनश्याम शर्मा महावीर ने मॉरीशस में भोजपुरी लोक संस्कृति के प्रसार को लेकर व्याख्यान दिया। प्रवासी दिवस पर शोध एवं विकास प्रकोष्ठ और इतिहास विभाग के संयुक्त आयोजन में 'शाहाबाद परिक्षेत्र से भारतीय प्रवासन और मॉरीशस में भोजपुरी लोक संस्कृति' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उन्होंने मॉरीशस सरकार के द्वारा भारतीय लोक संस्कृति को बढ़ावा देने के कार्य के बारे में बतलाया। उन्होंने कहा कि भारत का लघुतम रूप मॉरीशस देश है। उन्होंने भोजपुरी में प्रवासन के दुःख दर्द को गीत के माध्यम से प्रस्तुत किया। शर्तबंद के तहत बिहार से लोग मॉरीशस अपवित्र समुन्द्र को पार कर पहुंचे और तुलसी माला, गंगाजल एवं और जनेऊ को धारण कर अपने को पवित्र कर अपनी संस्कृति को बचाए रखा। इस संगोष्ठी की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. शंकर प्रसाद शर्मा व संचालन डॉ. अखिलेंद्र नाथ तिवारी तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सीमा पटेल ने किया। डॉ. सीमा पटेल जी ने भोजपुरी में अपना वक्तव्य रखा। इस कार्यक्रम के रूपरेखा शोध एवं विकास प्रकोष्ठ विभाग के समन्वयक डॉ. अजीत कुमार राय द्वारा संगोष्ठी आयोजित की गई। मौके पर डॉ. गोपनाथ सिंह, डॉ. महेश प्रसाद, डॉ. बृजराज प्रसाद गुप्ता, डॉ. सोनल, डॉ. नेयाज अहमद सिद्दीकी, डॉ. धनंजय राय, केशव प्रसाद भारती, रविंद्र कुमार, डॉ. सैय्यद असद करीम व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# एसबीपी कॉलेज में भोजपुरी लोक संस्कृति पर मॉरीशस के घनश्याम शर्मा महावीर ने दिया व्याख्यान

सोनभद्र संवाददाता, कैमूर/भभुआ



सरदार वल्लभभाई पटेल कॉलेज भभुआ कैमूर में मॉरीशस से आए हुए घनश्याम शर्मा महावीर ने मॉरीशस में भोजपुरी लोक संस्कृति के प्रसार को लेकर व्याख्यान दिया। प्रवासी दिवस के उपलक्ष्य में शोध एवं विकास प्रकोष्ठ और इतिहास विभाग के संयुक्त आयोजन में ' शाहाबाद परिक्षेत्र से भारतीय प्रवासन और मॉरीशस में भोजपुरी लोक संस्कृति' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उन्होंने मॉरीशस सरकार के द्वारा भारतीय लोक संस्कृति को बढ़ावा देने के कार्य को बतलाया । भारत का लघुतम रूप मॉरीशस देश है । उन्होंने भोजपुरी में प्रवासन के दुःख दर्द को गीत के माध्यम से प्रस्तुत किया । शर्तबंद के तहत बिहार से लोग मॉरीशस अपवित्र समुन्द्र को पार कर पहुंचे, और जो तुलसी माला, गंगाजल , और जनेऊ को धारण कर अपने को पवित्र कर अपनी संस्कृति को बचाए रखा ।

इस संगोष्ठी का संचालन डॉ अखिलेंद्र नाथ तिवारी, अध्यक्षता प्राचार्य डॉ शंकर प्रसाद शर्मा और धन्यवाद ज्ञापन डॉ सीमा पटेल ने किया । इस कार्यक्रम के रूपरेखा शोध एवं विकास प्रकोष्ठ विभाग के समन्वयक डा अजीत कुमार राय के द्वारा आयोजित की गई।

दैनिक भास्कर
कैमूर भास्कर 12-01-2023

# मॉरीशस से आए घनश्याम शर्मा महावीर ने भोजपुरी लोक संस्कृति के प्रसार पर व्याख्यान दिया

## एसबीपी कॉलेज में प्रवासी दिवस के उपलक्ष में आयोजित हुआ कार्यक्रम

सिटी रिपोर्टर|भभुआ

सरदार वल्लभभाई पटेल कॉलेज भभुआ में मॉरीशस से आए हुए घनश्याम शर्मा महावीर ने मॉरीशस में भोजपुरी लोक संस्कृति के प्रसार को लेकर व्याख्यान दिया। प्रवासी दिवस के उपलक्ष्य में शोध एवं विकास प्रकोष्ठ और इतिहास विभाग के संयुक्त आयोजन में ' शाहाबाद परिक्षेत्र से भारतीय प्रवासन और मॉरीशस में भोजपुरी लोक संस्कृति' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया । उन्होंने मॉरीशस सरकार के द्वारा भारतीय लोक संस्कृति को बढ़ावा देने के कार्य को बतलाया । भारत का लघुतम रूप मॉरीशस देश है।उन्होंने भोजपुरी में प्रवासन के दुःख दर्द को गीत के माध्यम से प्रस्तुत किया। शर्तबंद के तहत बिहार से लोग मॉरीशस अपवित्र समुन्द्र को पार कर पहुंचे, और जो तुलसी माला, गंगाजल और जनेऊ को धारण कर अपने को पवित्र कर अपनी संस्कृति को बचाए रखा। इस संगोष्ठी का संचालन डॉ अखिलेंद्र नाथ तिवारी, अध्यक्षता प्राचार्य डॉ शंकर प्रसाद शर्मा और धन्यवाद ज्ञापन डॉ सीमा पटेल ने किया। इस कार्यक्रम के रूपरेखा शोध एवं विकास प्रकोष्ठ विभाग के समन्वयक डा अजीत कुमार राय के द्वारा आयोजित की गई। इस अवसर पर डॉ गोपनाथ सिंह, डॉ महेश प्रसाद, डॉ बृजराज प्रसाद गुप्ता, डॉ सोनल, डॉ नेयाज अहमद सिद्की,डॉ धनंजय राय, केशव प्रसाद भारती, रबिंद्र कुमार,डॉ सैयद असद करीम और अन्य छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

दैनिक भास्कर
कैमूर भास्कर 08-05-2022

# एसबीपी में रिसर्च डेवलपमेंट सेल का गठन किया गया

## रिसर्च सेल का समन्वयक डॉ. अजीत को बनाया गया

सिटी रिपोर्टर | भभुआ

सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय भभुआ में नई शिक्षा नीति के तहत रिसर्च डेवलपमेंट सेल का गठन किया गया है। जिसकी आज प्रथम बैठक प्राचार्य डॉ. शंकर कुमार शर्मा के द्वारा बुलाया गया। इस सेल के समन्वयक डॉ.अजित कुमार राय सह समन्वयक डॉ. आनंद प्रकाश बनाए गए है। समन्वयक डॉ. अजित कुमार राय ने सेल के माध्यम से कालेज में शिक्षण अधिगम और शोध कार्यों के बढ़ावा पर जोर दिया। इस सेल के अंतर्गत सबने अपनी-अपनी बातें रखी और राय दी। साथ ही विभागीय सेमिनार, प्रोजेक्ट, पब्लिकेशन पर जोर दिया गया और प्रत्येक मास हर विभाग में एकेडमिक कार्यों को जारी करने पर विचार किया गया। इस सेल के अंतर्गत छः कमेटी का गठन किया गया है। इस बैठक में डॉ. अखिलेन्द्र नाथ तिवारी, डॉ. केशव प्रसाद भारती, डॉ. सोनल, डॉ. सुमित कुमार राय, डॉ. आनंद प्रकाश, डॉ. बृजराज कुमार गुप्ता, डॉ. अन्नपूर्णा, डॉ. सीमा सिंह, डॉ. अहमद सिद्दीकी, इत्यादि उपस्थित रहें।

हिन्दुस्तान

# मारीशस से जन्मभूमि पर पांव रखते ही भावुक हुए घनश्याम



गांव में घूमते मारीशस से आए प्रवासी घनश्याम शर्मा।

**चेनारी, एक संवाददाता।** मारीशस से प्रवासी दिवस पर घनश्याम प्रखंड की अपने पूर्वजों के पैतृक गांव उगहनी पहुंचे। अपने पूर्वजों की धरती पर पैर रखते ही वे भावुक हो गए। उनकी आंखें खुशियों से छलक आईं। धरती पर माथा रख नमन किया व खुशी से मिट्टी को चूम लिया। अपने पूर्वजों की खोज में मारीशस से घनश्याम शर्मा उर्फ रितेश जैसे ही उगहनी पहुंचे, उनका माला पहना गाजे-बाजे के साथ स्वागत किया गया। घनश्याम मारीशस में फिल्म निर्माता, अभिनेता व मारीशस ब्रांड कास्टिंग कारपोरेशन में भोजपुरी चैनल में कार्यरत हैं। साथ हीं वे मॉरीशस सरकार के भोजपुरी स्पीकिंग यूनियन के कार्यकारिणी सदस्य हैं। सरदार बल्लभभाई पटेल कॉलेज भभुआ के इतिहासकार विभाग के सहायक प्रोफेसर अजीत कुमार राय ने बताया कि महाविद्यालय में गोष्ठी में भाग लेने आए थे। इन्होंने पैतृक गांव घुमने की इच्छा जाहिर की। घनश्याम ने बताया कि उनके पूर्वज महावीर अपने भाई रघुवीर व मां परबतिया के साथ 1889 में गरीबी के कारण कोलकाता कमाने चले गए। फिर कोलकाता से मारीशस चले गए। महावीर के पिता फौदार थे। लेकिन सरकारी आंकड़ों में इनका भारत में मारीशस जाने का कोई रिकॉर्ड नहीं है। वे प्रवासी भारतीय दिवस के अवसर पर इंदौर मध्य प्रदेश में आए थे। भभुआ सरदार वल्लभभाई पटेल कॉलेज के प्रोफेसर के आग्रह पर भभुआ आए। छात्र आदित्य, शुभम, ओमप्रकाश, अंकित, राकेश, अनुज, पंकज के सहयोग से उनके पूर्वजों के गांव भेजने का प्रबंध किया गया। गांव में पहुंचकर उन्होंने मां काली व अन्य मंदिरों में पूजा-अर्चना की। वीडियो कॉलिंग कर अपने परिजनों को गांव दिखाया। गलियों में घूमकर ग्रामीणों का अभिवादन किया। उन्हें अंग वस्त्र से लोगों ने सम्मानित किया। मुखिया ज्ञानचंद सिंह कुशवाहा ने बताया कि विनोद शर्मा के परिजन होने की आशंका है। उन्होंने जिन व्यक्ति का नाम बताया, यहां के लोग उतने पहले के बुजुर्गों का नाम नहीं बता रहे हैं। लेकिन, उनके परिवार से कुछ सदस्यों से उनकी मुलाकात कराई गई। गांव के माहौल व सुंदरता को देख अभिभूत हुए व परिजनों संग आने की बात कही।

[redacted]

# मॉरीशस शोध अधिकारी डॉ |बबीता बहादुर का एसबीपी कॉलेज में होगा व्याख्यान

**सोनभद्र संवाददाता, कैमूर/भभुआ।** सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय भभुआ में आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ व शोध और विकास प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में वृहस्पतिवार आगामी 10 नवंबर को दिन के एक बजे मॉरीशस से आई अप्रवासी घाट विश्व सांस्कृतिक विरासत पोर्ट लुईस की शोध अधिकारी डॉ बबिता बहादुर का अप्रवासी घाट और मॉरीशस में गिरमिटिया व्यवस्था विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान होगा। बबिता बहादुर के पूर्वज 1859 ईस्वी में गया जिले से मॉरीशस गए थे। इस कार्यक्रम के लिए प्राचार्य डॉ शंकर प्रसाद शर्मा ने सभी शिक्षको और छात्रों को बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वाहन किया है। आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ के समन्वयक डॉ सुमित कुमार राय और आरडीसी के समन्वयक डॉ अजीत कुमार राय को संयुक्त रूप से इस कार्यक्रम को आयोजित करवाने की जिम्मेदारी दी गई है।



# कल एसवीपी कॉलेज में होगा व्याख्यान कार्यक्रम

**भभुआ नगर.** सरदार वल्लभ भाई पटेल महाविद्यालय में आगामी 10 नवंबर को आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चियन प्रकोष्ठ और शोध व विकास प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा. आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम में मॉरिशस की शोध अधिकारी डॉक्टर बबीता बहादुर भाग लेंगी. इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रोफेसर अखिलेंद्र तिवारी ने कहा कि आगामी 10 नवंबर को बजे बजे दिन में मॉरिशस से आयी अप्रवासी घाट विश्व संस्कृति विरासत, पोर्ट लुईस की शोध अधिकारी डॉ बबीता बहादुर का 'अप्रवासी घाट और मॉरिशस में गिरमिटिया व्यवस्था' विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान होगा. साथ ही उन्होंने कहा कि बबीता बहादुर बिहार के गया जिले की मूल निवासी है व इनके पूर्वज 18 सौ 59 ईस्वी में गया से मॉराशस गये थे ओर वहीं के निवासी हो गये. साथ ही उन्होंने कहा कि आयोजित कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा छात्र-छात्रा उपस्थित हों, इसके लिए एसवीपी कॉलेज के प्राचार्य डॉ शंकर प्रसाद शर्मा ने भी सभी शिक्षक व छात्र छात्राओं को व्याख्यान कार्य में उपस्थित होने के लिए अपील की है. वहीं, प्रिंसिपल ने कार्यक्रम को सफलता पूर्वक संपन्न कराने के लिए क्यूएसी के समन्वयक डॉ सुमित कुमार राय और आरडीसी के समन्वयक डॉक्टर अजीत कुमार राय को संयुक्त रूप से कार्यक्रम आयोजित करवाने की जिम्मेदारी सौंपी है.



व्याख्यान में भाग लेने वाली मॉरिशस की डॉ बबीता.


realme
Shot on realme 9 5G
2023.01.11 12:12


ONE DAY
On
NATIONAL
SCIENCE DAY
28 FEBRUARY
ORGANISED BY
CELL AND DBT-STAR COLLEGE PROGRAM
PATEL
Kaimur (Bihar) 821101


Aapravasi Ghat Trust Fund
in collaboration with
MFDC
Mauritius Film Development Corporation
presents